हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 थानेसर की सड़कों के सौंदर्यीकरण व हादसे ...


12 नवंबर महीने में मिलेगा जनता को 100 बेड का ...


## खबर संक्षेप

### तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के सेवा समिति स्कूल के पास से अवैध नशा बेचने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नवीन को 18 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। 10 जुलाई 2025 को सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। नाकाबंदी के जरिए ही पुलिस ने सेवा समिति स्कूल के पास से आरोपी नवीन को 18 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया।

### चोरी के आरोपी से मोटरसाइकिल जब्त

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नबी हसन उर्फ नब्बू को गिरफ्तार किया है। बलाना गांव के विशू ने 28 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 जून 2025 को अंबाला शहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कमलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि चोरी की इस वारदात में एक अन्य आरोपी भी शामिल है। प्रभु प्रेम पुरम एरिया के रहने वाले रमन कुमार ने 9 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 जून 2025 को आरोपी ने उसकी लैंटर तोड़ने की मशीन चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 15 अवैध डेयरियां होंगी सील, पशु भी होंगे जब्त

**करनाल।** नगर निगम ने शहर में अवैध रूप से संचालित डेयरियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 15 डेयरियों को जल्द सील करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि डेयरी स्थानांतरण के लिए 21 संचालकों को नोटिस दिए गए थे, जिनमें से केवल 6 ने अपनी डेयरियों को पिंगली डेयरी परियोजना स्थल पर स्थानांतरित किया, जबकि शेष 15 ने कोई रुचि नहीं दिखाई। अब इन डेयरियों को सील कर वहां मौजूद पशुओं को भी जब्त किया जाएगा।

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से ठगे 6 लाख

**यमुनानगर।** दिल्ली स्थित बड़ी कंपनी में अच्छी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने युवक से छह लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुताबिक जगाधरी वर्कशॉप के जवाहर नगर निवासी विनोद यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शहर निवासी संजीव कुमार उसका परिचित है। पिछले साल संजीव ने उसे बताया था कि उसकी सेटिंग टाटा कंपनी में है। यदि वह चाहे तो उसकी नौकरी टाटा ग्रुप में लगवा देगा। विनोद यादव ने बताया कि संजीव की बातों में आकर उसने नौकरी के लिए हां कर दी।

### सावन के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

**शाहबाद।** सावन मास के पहले दिन नगर के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर में सुबह 5 बजे से ही शिव भक्तों का जलाभिषेक करने के लिए तांता लग गया। शिव भक्तों ने धतूरा बेलपत्र फल फूल से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। ऐसी मान्यता है सावन मास में शिव भक्त पूरा महीना शिवलिंग पर जल चढ़ता है उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है। नगर के हजारों शिव भक्त सावन मास में हरिद्वार से गंगा जल कावड़ लेकर पैदल आते हैं और भगवान शिव को अर्पण करते है सभी शिवानियों में ओम नमः शिवाय बम बम भोले के उद्घोष होते रहे।

---

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्त्री रोग विभाग में 20 से 25 महिलाएं उपचार के लिए पहुंच रही हैं रोज

# बिगड़ी दिनचर्या और खानपान की वजह से किशोरियों में भी बढ़ रहा पीसीओडी का खतरा


कुरुक्षेत्र। महिला की जांच करते डॉक्टर। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

बिगड़ी जीवनशैली और गलत खानपान के कारण महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज (पीसीओडी) के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। हैरानी की बात है कि अब यह समस्या सिर्फ महिलाओं तक सीमित नहीं रही,बल्कि किशोरियां भी पीसीओडी की समस्या से जूझ रही है। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्त्री रोग विभाग में रोजाना 20 से 25 महिलाएं पीसीओडी की समस्या के साथ उपचार कराने पहुंच रही हैं। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के मुताबिक,अगर आयुर्वेदिक औषधियों के साथ खानपान और अपनी जीवनशैली सुधार ली जाए तो इस स्थिति को काफी हद तक ठीक किया जा सकता है। उन्होंने किशोरियों और महिलाओं को दिनचर्या में संतुलन,पौष्टिक भोजन और नियमित योग-प्राणायाम को शामिल करने की सलाह दी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में महिला स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं एवं पीसीओडी को लेकर जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों को संतुलित आहार, नियमित योग और आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्त्री रोग विभाग के चेयरमैन प्रो.जीतेश कुमार पंडा के अनुसार,मासिक धर्म के दौरान लापरवाही, गलत खानपान, देर रात तक जागना, सुबह देर से उठना,फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन,तनाव, व्यायाम न करना और मोटापा पीसीओडी के मुख्य कारण हैं। जिसकी वजह से मासिक धर्म की अनियमितता,गर्भधारण करने में कठिनाई,चेहरे और शरीर पर अनचाहे बाल,वजन बढ़ना और हृदय रोग और टाइप-2 मधुमेह का कारण बन सकती है।

### पीसीओडी से काफी हद तक बचा जा सकता है: प्रो. सुनीति

स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर वैद्य सुनीति तंवर ने कहा कि कुछ किशोरियों में ही हार्मोनल असंतुलन की शुरूआत हो रही है,जो आगे चलकर पीसीओडी में बदल जाती है। खानपान में सुधार और दिनचर्या को संतुलित करके इस समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है। जौ और गेहूं की रोटी,दलिया,देसी घी, मीठी खीर,चावल और ताजे फल आदि का सेवन लाभकारी माना गया है। उन्होंने मैदा,खट्टी चीजें और फास्ट फूड से परहेज करने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी बताया कि योग, विशेष रूप से सूर्य नमस्कार,कपालभाति और भ्रामरी जैसी क्रियाएं हार्मोन संतुलन में सहायक होती हैं और पीसीओडी की स्थिति को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

---

कुरुक्षेत्र में आकाशवाणी केन्द्र के सामने हुआ दर्दनाक हादसा

# स्कूली बच्चों के ऑटो को कार ने मारी टक्कर मूक-बधिर स्कूल जा रहे विद्यार्थी, 9 घायल

- घायलों को सिविल अस्पताल में उपचार के लिए किया दाखिल करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

शुक्रवार एक दर्दनाक हादसे में 4 मूक बधीर स्कूली बच्चे, 3 महिला शिक्षिकाएं, 1 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उस वाहन का चालक घायल हो गये, जिसमें ये सभी बैठे हुए थे। हादसे के समय मूक बधीर बच्चों का चिल्लाना बहुत ही हृदय विदारक था। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह ये सभी बच्चे तथा अन्य लोग सुंदरपुर में स्थित सार्थक मूक बधीर स्कूल में आज एक थ्री-व्हीलर में सवार होकर जा रहे थे कि उनके साथ एक कार भिड़ गई और थ्री-व्हीलर में सवार इनको चोटें आईं। हादसा यहां द्रोणाचार्य स्टेडियम के पास स्थित आकाशवाणी केन्द्र के सामने हुआ।



कुरुक्षेत्र। सिविल अस्पताल में घायलों को देखते हुए स्कूल की संचालिका तथा अन्य। फोटोः हरिभूमि

घायलों में गांव सारसा का रहने वाला तीसरी कक्षा का 11 वर्षीय आयुष, यहां की झांसा रोड का आठवीं कक्षा का 18 साल का हर्ष, बाहरी मोहल्ला का दसवीं कक्षा का 16 साल का जसमीत, मोहन नगर का तीसरी कक्षा का 9 साल का विरेन्द्र, शिक्षिकाओं में छोटा बाजार निवासी संतोष, ज्योति नगर की रिंपी, पिपली रोड पर रहने वाली रीना तथा छोटे बाजार की रहने वाली नीलम इत्यादि शामिल हैं।

### कार चालक मौके से फरार हो गया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही यह हादसा हुआ तो कार चालक तुरन्त मौके से फरार हो गया। पता चलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। डीएसपी सिटी ओम प्रकाश तथा अन्य ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए दुर्घटना की हर एंगल से जांच की। घायलों को तुरन्त सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर जहां घायलों के परिजन भी पहुंचे, वहीं स्कूल संचालिका रश्मी कटारिया तथा उनकी बड़ी बहन सेवानिवृत आईएएस अधिकारी सुमेधा कटारिया के अलावा अन्य कईं लोग भी पहुंचे। सभी अस्पताल भी गए और उपचाराधीन घायलों का जहां हाल-चाल पूछा, वहीं उपचार के लिए भरसक प्रयास भी किए। घायलों के परिजन भी मौके पर रहे। मूक बधीर बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों की चोटों को देखकर बहुत ही चिंताजनक रहे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके सारे मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

9 जुलाई 2020 को वारदात को दिया था अंजाम

# पानीपत में हत्या के सात दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

एडिशन सेशन जज अंबरदीप सिंह की कोर्ट ने हत्या के सात दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, कोर्ट ने सात आरोपियों को बरी कर दिया। एडीजे सिंह की अदालत ने दोषी पवन, सत नारायण, कीमती, राजपाल, जयसिंह, अनिल और अजय को सबूतों और गवाहों के आधार पर उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 20-20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर दोषियों को 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषियों ने जुलाई 2020 की रात को गांव लोहारी में पड़ोसी युवक अंकुश की पशुबाड़े के विवाद में तलवारों से हमला करके हत्या की थी। वहीं, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र ने बताया था कि वह गांव लोहारी का रहने वाला है। उसका पशु-बाड़ा है, जो गांव की वाल्मीकि बस्ती के साथ लगता है। इस पर कब्जा करने के लिए आरोपी पहले भी कई बार झगड़ा कर चुके है। इतना ही नहीं, आरोपी पशुबाड़े में आने से भी रोकते है। आरोप था कि आरोपी


20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कहते है कि तुम्हारे इस बाड़े और खेत की जमीन के कारण उन्हें परेशानी होती है। जिस बारे में पहले भी थाने में कई बार शिकायतें दे चुके है, लेकिन हर बार मौजिज लोगों के कहने पर समझौता हो जाता है। 9 जुलाई 2020 की रात करीब 9 बजे आरोपी हथियारों से लैस होकर रंजिशन घर के बाहर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया। धमकियां सुनने के बाद बेटे नीरज ने अपने फोन से थाना एसएचओ को कॉल की। लेकिन डेढ़ घंटे तक भी पुलिस नहीं आई। यहां तक कि आरोपी भी बाहर ही खड़े रहे। भीतर घुसते ही लाठी-डंडों, तलवारों, गंडासियों से घर के सामान, बाइक तोड़ दी और पशुओं पर हमला कर दिया। इस बीच बेटे अंकुश को नीचे गिरा दिया और उसकी गर्दन और शरीर के कई हिस्सों पर तलवार से हमला कर दिया। जिससे अंकुश की मौत हो गई।

---

# अंबाला-सहारनपुर के बीच चलने वाली ट्रेन की लेटलतीफी से यात्री बेहद परेशान

- लंबे समय से देरी से चल रही है ट्रेन, कई बार रेलवे को यात्री भेज चुके हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

अंबाला से सहारनपुर के बीच चलने वाली यात्री ट्रेन संख्या 64502 एक बार फिर अपनी लेटलतीफी और अव्यवस्थाओं के कारण सुर्खियों में है। यह ट्रेन पहले 64545 बनकर कुरुक्षेत्र से अंबाला तक पहुंचती है। अंबाला छावनी में इसका आगमन समय दोपहर 12:30 निर्धारित है



लेकिन यह ट्रेन शायद ही कभी समय पर अम्बाला छावनी स्टेशन पर पहुंचती हो। शुक्रवार को भी यही नज़ारा देखने को मिला जब यह ट्रेन दोपहर 1:30 बजे के करीब अंबाला छावनी स्टेशन पर पहुंची जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। अंबाला से सहारनपुर के लिए ट्रेन संख्या 64502 के रूप में इस ट्रेन का प्रस्थान समय दोपहर यहाँ से 12:50 तय है, लेकिन यह शायद ही कभी निर्धारित समय पर चलती हो। शुक्रवार को ट्रेन न केवल निर्धारित समय से काफी देर से पहुंची बल्कि प्लेटफार्म के परिवर्तन ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। ट्रेन को प्लेटफार्म 3 पर लाया गया जिससे यात्री प्लेटफार्म बदलने को मजबूर हुए।

### संदिग्ध हालात में गर्भवती महिला की मौत, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की जगजीवन राम कॉलोनी में रहने वाली पांच माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्रवीण निवासी जगजीवन राम कॉलोनी ने बताया कि उसकी छोटी बहन 24 वर्षीय सोनिया थी, जिसने दलबीर नगर, कुटानी रोड निवासी आकाश के साथ करीब दो साल पहले लव मैरिज की थी। आकाश शराब पीने का आदी है, जोकि नशे की हालत में सोनिया से रोजाना मारपीट करता था। सोनिया अब पांच माह की गर्भवती थी।

# यात्रियों की मांगः बस एक बार रेल मंत्री ऊना हरिद्वार पैसेंजर ट्रेन की यात्रा करके देख लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

ऊना-हरिद्वार पैसेंजर ट्रेन में यात्रा करना आम यात्रियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। यह ट्रेन हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा होते हुए उत्तराखंड के हरिद्वार तक जाती है। यह हजारों दैनिक यात्रियों के आवागमन का जरिया है लेकिन इसके हालात बेहद खराब हैं। इस ट्रेन में डिब्बों की संख्या बहुत कम है जिससे हर रोज ट्रेन में अत्यधिक भीड़ देखने को मिलती है। खासकर सुबह और शाम के समय दैनिक


गाड़ी संख्या 64512 में सफर करते यात्री।

यात्री यमुनानगर से अंबाला के बीच खचाखच भरी ट्रेन की भीड़ में सफर करने को मजबूर हैं। कई बार तो यात्रियों को खड़े होकर या दरवाजे पर लटककर यात्रा करनी पड़ती है।

### शौचालयों की स्थिति बदहाल

इस ट्रेन के टॉयलेट की अगर बात की जाए तो ट्रेन के शौचालयों की स्थिति बेहद दयनीय है। गंदगी और दुर्गंध से यात्री परेशान रहते हैं। न सफाई होती है और न ही किसी प्रकार का रखरखाव किया जाता है। ट्रेन में लगे पंखों की हालत भी खराब है। कुछ पंखे बिल्कुल बंद हैं तो कुछ इतने धीमे चलते हैं कि गर्मियों में उनका यात्रियों को कोई लाभ नहीं होता। इस ट्रेन में टिकट चेकिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। एक लंबा अरसा बीत गया।

---

पानीपत के सुंदर नगर में हादसा

# बारिश में ढह गई मकान की छत महिला की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत के सुंदर नगर में तडके तेज बारिश के बीच एक पुराने मिट्टी के मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे कमरे में सो रहे दंपती मलबे में दब गए। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में दबे दोनों को बाहर निकाला गया। दंपती मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे और पिछले छह साल से किराए पर इस मकान में रह रहे थे। मृतका की पहचान 42 वर्षीय रूबी के रूप में हुई है। हादसे के बाद कमरे में सो रहे दंपती मलबे में दब गए। पड़ोसियों ने शोर सुनकर बचाव कार्य शुरू किया और पहले पति को निकाला, लेकिन पत्नी रूबी को निकालने में 20-25 मिनट का वक्त लग गया। गंभीर हालत में दोनों को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तेज बारिश की वजह से मिट्टी और लकड़ी (कड़ियों) से बनी छत ढह गई। दंपती कमरे में सो रहे थे। छत गिरते ही पूरा मलबा दोनों पर आ गिरा। मकान मालिक कृष्ण कुमार के मुताबिक, वह मकान की समय-समय पर मरम्मत करवाता रहता है। लेकिन पुराना निर्माण और भारी बारिश की वजह से यह हादसा हो गया। पड़ोसियों की मुस्तैदी से बचाव कार्य हुआ शुरू छत गिरने की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत मलबा हटाना शुरू किया। सबसे पहले सुरेंद्र को मलबे से निकाला गया, जो बेहोशी की हालत में था। रूबी को करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

---

निरीक्षण | खेल निदेशक ने कुवि में स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया

*स्विमिंग पूल की साफ-सफाई, सुरक्षा, रखरखाव व अन्य सुविधाओं की जांच की*

# कुवि स्विमिंग पूल में दिखा शिक्षकों कर्मचारियों व विद्यार्थियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अनुमति से छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए एक जुलाई से स्विमिंग पूल खुल चुका है जिससे तैराकी का अभ्यास करने वाले तैराकों व स्विमिंग सीखने के इच्छुक लोग स्विमिंग पुल की सुविधा का लाभ मिल रहा है। खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि स्विमिंग पूल खुलने के बाद से ही कुवि शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी स्विमिंग पूल में भारी संख्या में लगातार आ रहे हैं व स्विमिंग पूल का लाभ उठा रहे हैं। डॉ. डीएस राणा ने बताया कि हर गुजरते दिन के साथ, लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक और सचेत होते जा रहे हैं। कई लोग खुद को फिट रखने के लिए समय निकालकर


कुरुक्षेत्र। खेल निदेशक ने कुवि में स्विमिंग पूल का निरीक्षण करते हुए।

कठिन व्यायाम करना पसंद करते हैं। गर्मी के मौसम में लोग पानी में आनंद लेने के लिए स्विमिंग पूल का रुख कर रहे हैं। तैराकी व्यायाम के सर्वोत्तम रूपों में से एक है। यह न केवल पूरे शरीर का व्यायाम करती है, बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। तैराकी के इच्छुक लोग कार्यालय समय (दोपहर में) के दौरान खेल निदेशालय से सदस्यता के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। स्विमिंग पूल का समय केवल महिला तैराकों के लिए प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक, शुरूआती (केवल पुरुष) का समय शाम 04.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक, तैराकों के लिए शाम 05.15 बजे से शाम 06.15 बजे तक तथा स्टाफ सदस्यों के लिए तैराकी का समय शाम 06.15 बजे से शाम 07.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अनुमति मिलने के बाद ही बाहरी व्यक्तियों को एक टर्म के लिए 2000 रुपये तथा एक महीने के लिए 1000 रुपये का शुल्क देकर ही सदस्यता प्रदान की जाएगी। तैराकी के इच्छुक लोग इस संबंध में अधिक जानकारी कुवि के खेल निदेशालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा द्वारा समय-समय पर स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में खेल निदेशक द्वारा स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया व स्विमिंग पूल में प्रदान की जा रही साफ-सफाई, सुरक्षा, रखरखाव व अन्य सुविधाओं की जांच की। इस अवसर पर स्विमिंग पूल के इंचार्ज एवं बॉक्सिंग कोच डॉ. राजेश कुमार राजौंद मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों का समय पर हो समाधान : सोनू भट्ट

**करनाल।** लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध व गंभीरता से हल किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शिकायतों की स्थिति पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट होनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशन में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

### 12 जुलाई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को करनाल न्यायिक परिसर सहित इन्द्री, असंध और घरौंडा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन ने बताया कि इस अदालत में बैंक ऋण, मोटर दुर्घटना, फौजदारी, दीवानी, वैवाहिक, पारिवारिक, चालान जैसे मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा। लोक अदालत के फैसलों में अपील नहीं होती, जिससे समय और धन की बचत होती है।

### प्रियंका काठपाल बनीं भाजपा करनाल की जिला उपाध्यक्ष

**करनाल।** भाजपा ने प्रियंका काठपाल को करनाल जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले वे दो बार महिला मोर्चा में इसी पद पर रह चुकी हैं। प्रियंका ने अपनी नियुक्ति पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता, प्रवीण लाठर और भारत भूषण जुयाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही महिलाओं को नेतृत्व में भागीदारी देती है। वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर महिलाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगी।

### शिव बने इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

**करनाल।** इनेलो ने करनाल के युवा नेता शिव बजाज को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रधान महासचिव नियुक्त किया है। शिव बजाज ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और प्रकोष्ठ अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी असुरक्षित हैं, खुलेआम फिरौती मांगी जा रही है और गोलीबारी हो रही है।

### वन महोत्सव दिवस पर नुक्कड़ नाटक आयोजित

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव दिवस पर एक विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिससे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में पेड़ों और वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। प्रदर्शन ने वनों के महत्व को उजागर किया और छात्रों ने आकर्षक गीतों, नाटकों और संवादों के माध्यम से संरक्षण और स्थिरता का संदेश दिया। छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया।

---

### निगम जन्म/मृत्यु शाखा का लिपिक किया गया निलंबित

# कार्य में लापरवाही के चलते मिली सजा : डॉ. वैशाली शर्मा

इसी शाखा के उप रजिस्ट्रार के विरूद्घ अनुशासनिक कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य विभाग को लिखा पत्र: निगमायुक्त




हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कार्य में लापरवाही बरतने के चलते जन्म एवं मृत्यु शाखा के लिपिक प्रवीन कुमार को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके साथ-साथ निगम की इसी शाखा में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के उप रजिस्ट्रार डॉ. रमेश कुमार के विरूद्घ अनुशासनिक कार्यवाही करने के लिए सिविल सर्जन करनाल को पत्र लिखा गया है। इसकी एक प्रति निदेशालय शहरी स्थानीय निकाय तथा स्टेट रजिस्ट्रार को भेजी गई है। यह कार्रवाई एक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री को दी गई शिकायत के आधार पर की गई है।

क्या था मामला- निगमायुक्त ने बताया कि शिकायकर्ता दिनेश कुमार पुत्र सोम प्रकाश ने मुख्यमंत्री हरियाणा को एक शिकायत भेजकर गुहार लगाई थी कि उनके पिता का देहांत बीती 3 अक्तूबर 2023 को करनाल में हुआ था। इसके बाद मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नगर निगम कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाए गए, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने तथा बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर लगाने उपरांत भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया।

निगमायुक्त ने आगे बताया कि नगर निगम कार्यालय में इस मामले की शिकायत आने के पश्चात जांच की गई, जिसमें पाया गया कि दिनेश कुमार के पिता की मृत्यु के बाद प्रमाण पत्र जारी न होने के बाद एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र 16 अप्रैल 2024 को प्रेषित किया गया और मृत्यु की घटना रजिस्ट्रीकृत होने बारे 19 नवंबर 2024 को अनउपलब्धता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसी निरंतरता में शिकायतकर्ता द्वारा मास दिसंबर 2024 में विलंब मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतू निगम कार्यालय में एक फाईल प्रस्तुत की। उप रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु द्वारा 12 दिसंबर 2024 को, फाईल जिला रजिस्ट्रार-सह-सिविल सर्जन, करनाल को स्वीकृति हेतू भेजी गई।

डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि इसके पश्चात फाईल को उप मंडल मजिस्ट्रेट करनाल तथा जिला रजिस्ट्रार द्वारा लेट फीस लेकर विलंब मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतू स्वीकृति प्रदान की गई और फाईल 18 अप्रैल 2025 को उप रजिस्ट्रार नगर निगम करनाल को प्रेषित कर दी गई। लेकिन उप रजिस्ट्रार द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और करीब 3 महीने बिना कारण फाईल को दबाए रखा। मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायत पत्र निगम कार्यालय में आने के बाद 2 जुलाई 2025 को प्रार्थी से बगैर विलंब फीस जमा करवाए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। लेकिन इसमें घोर लापरवाही बरती गई तथा सरकार को वित्तीय हानि पहुंचाने की भी कोशिश की गई।

---

# यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाली बेटी सिमरन बनीं प्रेरणा स्त्रोतः मंत्री कृष्ण बेदी

- ग्राम पंचायत द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और सिमरन वाल्मीकि का फूल-मालाओं से किया भव्य

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| असंध/करनाल



यूपीएससी की परीक्षा में पलवल जिले की सिमरन वाल्मीकि द्वारा सफलता प्राप्त करने की खुशी में गांच चोचड़ा में शुक्रवार को भव्य स्वागत समारोह व शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर गांव के सरपंच बलदेव वाल्मीकि व समाज के लोगों ने मुख्यातिथि और सिमरन वाल्मीकि का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया तथा पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा बाहर से आए अन्य अतिथियों का भी ग्राम पंचायत द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने सर्वप्रथम यूपीएससी की परीक्षा क्वालीफाई करने वाली सिमरन वाल्मीकि को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सिमरन वाल्मीकि ने यह सफलता हासिल कर अपने गांव, शहर, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है और युवा वर्ग विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और दृढ़ निश्चय व लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए।

कार्यक्रम में यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाली सिमरन वाल्मीकि ने कहा कि इस सफलता को पाने के सफर में उन्हें अपने माता-पिता सहित पूरे परिवारजनों का भरपूर साथ मिला। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 869वीं रैंक हासिल कर अपने सपनों को साकार करने में सफलता पाई है।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर डीडीपीओ संजय टांक, सरपंच बलदेव वाल्मीकि, नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, जिला महामंत्री सुभाष चंद व मानवपुरी, राजकुमार मुन्नारेहड़ी, रघुबीर गागट, सुभाष भुम्बक, भाजपा वरिष्ठ नेता सज्जन अत्री, प्रिंसिपल सुरेश शर्मा, पूर्व प्रिंसिपल सुशील वैद, ऋषिपाल बेदी, रणबीर सिंह ढाटरक, अमित राणा, बलराज सिंह, कर्मचंद, दीपक, राकेश, रविन्द्र सहित आदि मौजूद रहे।*

---

# बेटे को विदेश भेजने के लिए लिया कर्ज, उतारने के लिए बन गया चोर, 12 वारदातों को दे चुका अंजाम

करनाल। शहर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सक्रिय हुई करनाल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के एक 60 वर्षीय बुजुर्ग सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो अकेले ही अब तक 12 चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 9 चोरी के वाहन बरामद किए हैं, जिनमें 7 स्कूटी और 2 मोटरसाइकिलें शामिल हैं। आरोपी को वीरवार देर शाम करनाल की सीआईए-1 टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-4 की ग्रीन बेल्ट से चोरी की स्कूटी के साथ दबोचा।

**कर्ज चुकाने के लिए चुना अपराध का रास्ताः** पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने बेटे को विदेश भेजने के लिए भारी कर्ज लिया था। जब कर्ज चुकाना मुश्किल हो गया, तो बुजुर्ग ने वाहन चोरी का रास्ता अपनाया और अकेले ही वारदातें करने लगा। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से शहर में एक्टिव था और गाड़ियों की सुरक्षा में थोड़ी भी चूक होने पर उसे निशाना बना लेता था। पूछताछ में आरोपी ने अब तक 12 घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है।

**थाना पुलिस ने दी चेतावनी**

सीआईए-1 पुलिस और एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई की सराहना करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि करनाल में वाहन चोरों पर पैनी निगरानी रखी जा रही है। आने वाले दिनों में ऐसे तत्वों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# श्री राम मंदिर में गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक, गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



सावन मास के शुभ आरंभ पर श्री राम मंदिर, सेक्टर-8 में विशेष धार्मिक आयोजन हुआ जिसमें हरिद्वार से लाए गए गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शिवलिंग पर जल अर्पण कर मनोकामनाएं मांगीं। मुख्य यजमान महेंद्र बत्रा व सीमा बत्रा रहे। पूजा-अर्चना का विधिवत संचालन पंडित अनिल द्विवेदी ने किया। शिवलिंग को पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, शक्कर) से स्नान करवा कर फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें दविंदर गुप्ता, कृष्ण गुप्ता व पर्व गुप्ता ने सहयोग किया। भजन गायन का विशेष आयोजन भी हुआ, जिसमें अनु खट्टर ने 'सावन भोले जी मुबारक हो...', वीना सेठ ने 'मैं भोला बाबा, मैं तेरा दीवाना...' और सुशील मदान ने 'तेरे दीवानों ने उत्सव सजाया है...' जैसे भजन प्रस्तुत किए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक समिति के प्रधान रविंद्र तनेजा, रेनू तनेजा, अशोक मदान, वेद दुआ, पवन धमीजा, राजेश गोयल, अंजू बाला, अर्चना टक्कर, सर्वेश, संतोष, अनिल छाबड़ा, मुरारी बत्रा, देवेंद्र गुप्ता, राजीव मुंजाल, चांद बवेजा, वीना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# पिंगली गांव में अवैध खाद-औषधि फैक्ट्री का भंडाफोड

- सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



पिंगली गांव के पास खेतों में चल रही एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम ने शुक्रवार को वहां छापेमारी कर बड़ी मात्रा में फर्जी खाद और औषधियों का भंडार पकड़ा। यह फैक्ट्री पिछले एक से डेढ़ वर्ष से बिना किसी वैज्ञानिक व्यवस्था और वैधानिक अनुमति के संचालित हो रही थी। छापेमारी के दौरान मौके पर न तो कोई डॉक्टर मिला, न कोई तकनीकी टीम और न ही कोई आवश्यक मशीनरी। फैक्ट्री में जो खाद और दवाएं तैयार की जा रही थीं, उन पर फर्जी कंपनी के लेबल और पते चिपकाए जा रहे थे। उत्पादों पर उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित एक आश्रम का पता छापा जा रहा था, जबकि पुष्टि करने पर सामने आया कि वहां दवा निर्माण जैसी कोई गतिविधि नहीं होती।

**फर्जी लेबलिंग के जरिए किसानों से धोखाधड़ी**

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में पैकिंग और ब्रांडिंग का कार्य किया जा रहा था। जो उत्पाद यहां पैक किए जा रहे थे, वे कहीं और से लाकर यहां फर्जी कंपनी के नाम से बेचे जाने की तैयारी में थे। फैक्ट्री का संचालन देवरत्न नामक व्यक्ति कर रहा था, जिसके पास सीमित मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस जरूर था, लेकिन उस लाइसेंस के आधार पर वह न तो इतने प्रकार के उत्पाद बना सकता था और न ही बिना योग्य स्टाफ और मशीनरी के ऐसा कार्य संभव है। डीएसपी ने बताया कि कुछ ऐसे उत्पाद भी वहां मिले हैं, जिनका कोई वैध लाइसेंस नहीं है। फैक्ट्री में उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**किसानों को नुकसान, जिम्मेदार विभागों पर भी सवाल**

टीम ने पाया कि पहले भी आरोपी इन्हीं फर्जी उत्पादों को बाजार में बेच चुका है और अब भी उन्हें बेचे जाने की तैयारी थी। इन नकली दवाओं और खादों से किसानों की फसल पर बुरा असर पड़ सकता था, जिससे उन्हें भारी नुकसान होता। डीएसपी सुशील कुमार ने विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी अवैध गतिविधि बीते एक साल से चल रही थी, लेकिन संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह भी जांच का विषय है कि क्या इसमें कोई विभागीय मिलीभगत रही है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री को सील किया जा रहा है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सीएम फ्लाइंग की जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

---



तरावड़ी। कार्यक्रम मे नगर पालिका चेयरमेन विरेंदर बंसल बाटतें हुये।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे उज्जवल दृष्टि हरियाणा तहत चश्में बाटें गए

**तरावड़ी।** उज्जवल दृष्टि हरियाणा अभियान का स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव द्वारा शुभारंभ किया गया। प्रदेश के सभी जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तरावडी में भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी कर्मचारियों, आशा वर्कर व आम जनता को दिखाया गया। आज के इस कार्यक्रम नगर पालिका के पार्षदों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया व लाभार्थियों को दृष्टि दोष निवारण के लिए निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कैलाश गर्ग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तरावडी ने सभी को अपने दृष्टी दोष की जांच करवाकर समय से इलाज लेने व चश्मा बनवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश गर्ग, चिकित्सा अधिकारी डॉ. निपुण कालरा, नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती साहिब कौर, नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती पूनम आदि मौजूद रहे।

---

# स्पा की आड़ में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस की छापेमारी में 10 युवतियां व 4 युवक काबू

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

शहर के सुपर मॉल स्थित तीन स्पा सेंटर्स में शुक्रवार को पुलिस ने एक साथ छापा मारकर देह व्यापार के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान स्पा की आड़ में चल रहे इस अवैध कारोबार में शामिल 10 युवतियों और 4 युवकों को मौके से पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुपर मॉल स्थित स्पा सेंटर्स में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसके बाद थाना प्रभारी श्रीभगवान के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों सहित एक विशेष टीम गठित कर एक साथ तीन स्पा सेंटर्स – डायमंड स्पा समेत अन्य दो पर छापेमारी की गई। जैसे ही पुलिस टीम अंदर दाखिल हुई, वहां का नजारा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। पुलिस के पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई और कई युवक-युवतियां भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही काबू कर लिया।

**आपत्तिजनक सामग्री और पुख्ता सबूत बरामद**

पुलिस को छापेमारी के दौरान कई कमरों से आपत्तिजनक सामग्री और उपकरण बरामद हुए, जो अनैतिक गतिविधियों की पुष्टि करते हैं। थाना प्रभारी श्रीभगवान ने बताया कि पकड़े गए सभी युवक-युवतियों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। इन स्पा सेंटर्स को किराये पर देने वाले भवन मालिकों की पहचान की जा रही है और यदि जांच में उनकी संलिप्तता पाई गई तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि जांच में यह सामने आता है कि किसी युवती को जबरन इस धंधे में धकेला गया है तो संबंधित आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

***पहले भी हो चुकी कार्रवाई***

*थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ समय पूर्व करनाल के कर्ण कॅनाल के पास एक कैफे में भी इसी तरह की शिकायत पर छापेमारी की गई थी। वहां से भी आपत्तिजनक सामग्री मिली थी और कैफे को बंद करवा दिया गया था। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

---

## भाविप कर्ण शाखा ने सेवा प्रकल्प के तहत सिलाई केंद्र को उपकरण दिए



**करनाल।** भाविप की कर्ण शाखा ने अपने 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाजसेवा के तहत आर्य समाज मंदिर, रमेश नगर स्थित स्व. उर्मिला भाटिया स्मृति सिलाई केंद्र को आवश्यक उपकरण भेंट किए। इसमें सिलाई मशीनें, कपड़ा काटने की मेज तथा अन्य सामग्री शामिल रही। सेवा प्रकल्प प्रमुख स्वतंत्र कुकरेजा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य देवेंद्र शास्त्री द्वारा हवन-यज्ञ के साथ हुआ। मुख्य यजमान के रूप में भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी और उनकी धर्मपत्नी संध्या लोधी ने आहुतियां दीं। स्वतंत्र कुकरेजा ने बताया कि परिषद का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग की सेवा करना और नई पीढ़ी में देशभक्ति व संस्कारों का संचार करना है। इसी उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। मुख्य अतिथि मोहन लोधी ने कहा कि समाज को ऐसे संगठनों की आवश्यकता है जो सेवा, त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करें। शाखा अध्यक्ष ज्योति चौधरी ने कहा कि परिषद द्वारा बाल संस्कार शिविर, संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता, पौधारोपण, गुरु वंदन जैसे आयोजन किए जाते हैं। भविष्य में भी सिलाई केंद्र की हर ज़रूरत पूरी की जाएगी।

---

# उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का नागरिक अस्पताल में शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ नागरिक अस्पताल में हुआ। अभियान के तहत जिले भर में नेत्र परीक्षण कर 1141 लोगों को निःशुल्क दृष्टि सुधार चश्मे वितरित किए गए। सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं, बल्कि तब तक चलेगा जब तक दृष्टि दोष का समूल निवारण नहीं हो जाता। स्कूली बच्चों की भी नेत्र जांच की जा रही है ताकि वे पढ़ाई में बाधित न हों। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ. कैलाश ढींगरा और डॉ. केशव वाधवा भी उपस्थित रहे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपनी आंखों की निःशुल्क जांच करवाएं।

---

## मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# जनसंख्या दिवस पर एडीआर केंद्र में जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल




विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एडीआर केंद्र में जन-जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में हुआ।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने दसवीं और बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व पदक देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को जनसंख्या वृद्धि, यातायात नियमों और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।

**एनएसएस इकाई ने निकाली जनसंख्या नियंत्रण रैली, किए विविध**

- डॉ. रेखा त्यागी, डॉ. राजेश रंगा, डॉ. कंवर भान रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत नारे लेखन प्रतियोगिता से हुई जिसमें निर्णायक डॉ. सरोज नैन और डॉ. नीलम शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। "छोटा परिवार, सुखी परिवार" जैसे नारों से छात्र-छात्राओं ने संदेश दिया। इसके पश्चात रैली को डॉ. रेखा त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में डॉ. कंवर भान, डॉ. राजेश रंगा, डॉ. जरनैल सिंह, डॉ. निधि शर्मा और डॉ. सरिता आर्या भी शामिल हुए। 'अधिक बोझ वाला बस्ता' जैसी गतिविधियों से जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों को समझाया गया। कार्यक्रम का समापन पौधारोपण अभियान से हुआ, जिसमें कुल 25 पौधे लगाए गए।

## खबर संक्षेप

### भरण पोषण न्यायाधिकरण कमेटी के सदस्य रावल

**पानीपत।** हरियाणा सरकार की ओर से उपमंडल स्तर पर सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनूसचित जाति एवं पिछडा वर्ग कल्याण अंत्योदय सेवा विभाग की और से भरण पोषण न्यायधिकरण कमेटी में बापौली गांव निवासी पूर्व भाजपा बापौली मंडल अध्यक्ष व सरपंच पति अधिवक्ता शिवकुमार रावल को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह कमेटी सामाजिक न्याय विभाग का एक हिस्सा है। वहीं अपनी नियुक्ति पर अधिवक्ता शिवकुमार रावल ने विधायक मनमोहन भडाना व जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वो उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

### सरचार्ज माफी योजना का लाभ लें उपभोक्ता

**पानीपत।** पानीपत जिला के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई 'सरचार्ज माफी योजना 2025' के तहत अब उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान केवल मूल राशि के आधार पर कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत 31 अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा सरचार्ज फ्रीज कर दिया गया है। इस योजना का लाभ 11 नवंबर तक लिया जा सकता है।

### फसल बीमा करवाएं किसान

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई, 2025 तक योजना में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, कपास, मक्का और मूंग जैसी प्रमुख खरीफ फसलों का बीमा करवाने का आह्वान किया।

### करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू में सुबह बिजली के ट्रांसफार्मर की तारों की चपेटे में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची ओर मृतक मोर को वन्य जीव प्राणी संरक्षण पानीपत की टीम को सौंपा। वहीं पुलिस की मौजूदगी में वन्य जीव प्राणी संरक्षण टीम ने बुआना लाखू के पशु चिकित्सक से अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतक मोर को जमीन में दफनाया गया। वन्य जीव प्राणी संरक्षण के सचिन त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई है। जिसका पोस्टमार्टम करवाकर सम्मान के साथ जमीन में दफनाया गया है।

### जनसमस्या समाधान की समीक्षा की

**पानीपत।** हरियाणा सरकार में इंडस्ट्री और कॉमर्स विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के उपायुक्तों और अधिकारियों से वर्चुअल समीक्षा बैठक कर समाधान शिविर में आई शिकायतों के अति शीघ्रता से समाधान करने की निर्देश दिए। सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वो समाधान शिविर में जो शिकायतें नागरिकों द्वारा दर्ज कराई जाती हैं उनका अति शीघ्रता से समाधान करें। समीक्षा बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द शेष बची समस्याओं का भी समाधान करने का प्रयास करेंगे। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि शिकायतों के निदान को लेकर अधिकारियों ने अच्छे परिणाम दिए है। अधिकारियों को इसे बरकरार रखना है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव कैथ के 23 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शहर के सामान्य अस्पताल में भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक टोनी सोनीपत जिले के गांव चिढ़ाना स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। वह रोजाना अपनी बाइक से फैक्ट्री आता-जाता था। 10 जुलाई को टोनी शाम 4 बजे से रात 12 बजे की शिफ्ट में काम कर रहा था।

---

### मनरेगा के तहत खेतों के रास्तों को किया जा रहा पक्का

# हरियाणा की खुशहाली को सरकार कर रही विकास कार्य : पंवार

■ मंत्री कृष्ण ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के पंचायत और खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर क्षेत्र में सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति जानी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआरओ कनब लाकड़ा ने सचिवालय पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का बुके देखकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार प्रदेश में विकास को प्राथमिकता देकर तेजी से विकास कार्य कर रही है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में समानता पूर्वक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पंवार ने कहा कि अधिकारी जहां-जहां विकास कार्य हो रहे हैं उन स्थानों का समय निकाल कर निरीक्षण भी करें और कार्य में और तेजी लाने का प्रयास करें। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को आश्वस्त किया कि सभी विकास कार्य निश्चित समय अवधि में पूर्ण किए जाएंगे। जिन-जिन विभागों के अंतर्गत ये विकास कार्य आते हैं उन विभागों के अधिकारियों को इन विकास कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। मंत्री पंवार ने बताया खंड मडलौडा में मनरेगा के तहत खेतों के रास्ते पक्के करने का कार्य किया जा रहा है। कुल 24 रास्तों में ज्यादातर का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसराना खंड के खेत के कुल 20 रास्तों को बनाने का तेजी से किया जा रहा है। इसमें कुछ का कार्य बचता है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री पंवार ने इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों से खेत खलियान योजना की प्रगति की जानकारी भी ली। इस मौके पर उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर दहिया, सीईओ डॉक्टर किरण के अलावा कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह वर्मा के अलावा कई अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।


पानीपत। पंचायत और खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

# नितिन नाग उजाला सिग्नस के सीईओ नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उजाला सिग्नस ने नितिन नाग को अपना नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। अमनदीप हॉस्पिटल्स के साथ साझेदारी के बाद उजाला सिग्नस अब उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हरियाणा के टियर 2 और टियर 3 शहरों में लगभग 2800 बिस्तरों वाले 26 अस्पतालों का एक बड़ा नेटवर्क बन चुका है। उजाला सिग्नस के संस्थापक निदेशक डा.शुचिन बजाज ने कहा कि हम अपनी यात्रा के इस निर्णायक क्षण में उजाला सिग्नस में नितिन नाग का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने में उनका अनुभवय उनकी गहन परिचालन कुशलता के साथ मिलकर हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन नाग ने कहा कि उजाला सिग्नस में शामिल होना नेतृत्व के एक अवसर से कहीं बढ़कर है।


नितिन नाग।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**इसराना।** इसराना थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पहले रात्रि के समय अपनी संगी मां के साथ घिनौना कृत्य करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश किया। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल में भेज दिया गया है। वहीं आरोपी युवक की दो बहन ओर जीजा उसकी गिरफ्तारी का पता लगने पर थाना पहुंचे। दोनों बहनों ने अपने भाई को पापी व राक्षस है तुने सारी हदें पार कर मां बेटे के रिश्ते का तार-तार कर दिया। मां ने तेरे लिए क्या नहीं किया। बार-बार तेरी जमानत कराईं अपने गहने और जमीन तक बेच दी। उसके बाद तुने मां को यह सिला दिया कि परिवार को मुंह दिखाने के लायक नहीं छोड़ा। वहीं जब आरोपी को अदालत में पेश करने के लिए ले जाया रहा था तो ना तो उसे डर था ना कोई पछतावा। बता दें कि आरोपी युवक के खिलाफ अनेक मामले दर्ज हैं वह पहले भी जेल जा चुका है।

---

## श्री राम कुटीर बालाजी मंदिर में भंडारा लगाया


पानीपत। श्री राम कुटीर बालाजी मंदिर में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजक। फोटो :हरिभूमि

■ शुरुआत हवन व सुंदरकांड पाठ के साथ की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

गुरु पूर्णिमा पर इसराना में श्री राम कुटीर बालाजी मंदिर में 9वां विशाल भंडारा लगाया गया। शुरुआत हवन व सुंदरकांड पाठ के साथ की गई। पूर्व हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की बहन डॉ. वीणा अरोड़ा माइंड रीडर लिम्का बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्डी हिंदू वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक चेयरमैन चीफ गेस्ट रही। इस अवसर पर डॉ.गजेंद्र सिंह दहिया गज्जू बाबा डॉ. वीणा अरोड़ा, नीरज सनाडिया, सविता खोखर महला, मा.रणधीर सिंह जागलान, वीरेंद्र एडवोकेट, सोनिया, दिनेश, दयानंद खुंगर, अनु चहक भाटिया, सिमरन, अंजू, हिमांशु व विवेक आदि उपस्थित रहे।

## एसडी कॉलेज में होगा सापह त्रेवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा प्रांत के दो दिवसीय 22वें त्रेवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन का आगाज कल से हो रहा है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि महीपाल ढांडा शिक्षा मंत्री करेंगे। दो दिवसीय अधिवेशन का विषय आत्मबोध से विश्वबोध रहेगा। प्रथम दिवस के सत्र की अध्यक्षता सारस्वत मोहन मनीषी अध्यक्ष हरियाणा प्रांत करेंगे। बतौर विशिष्ट अतिथि शरद अग्रवाल अतिरिक्त महाधिवक्ता हरियाणा और सानिध्य डॉ.पूर्णमल गौड मार्गदर्शक हरियाणा प्रांत कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पहले दिन के प्रथम सत्र में डॉ.मंजुलता रेडू उपाध्यक्ष हरियाणा प्रांत मुख्य वक्ता, हरीश यादव अध्यक्ष और रणबीर आर्य समाज सेवी और उद्योगपति प्रथम सत्र का हिस्सा बनेंगे। सांय कालीन सत्र में हरीश धनसोइयां विशिष्ट मेहमान, विधु कालरा अध्यक्ष गुरुग्राम इकाई मुख्य वक्ता के तौर पर अधिवेशन में अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगे। संतोष गर्ग उपाध्यक्ष हरियाणा प्रांत का सानिध्य भी पहले दिन प्राप्त रहेगा। वहीं रात्री के सत्र में काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि प्रमोद विज विधायक पानीपत शहरी रहेंगे और इसमें नवोदित कवी भाग लेंगे।

---

# सनातन सबसे पुराना एवं नूतन धर्म : डॉ.विनय

## विद्यार्थी सबसे पहले अच्छे इंसान बनें : मेयर कोमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विद्यार्थियों को नंबरों की होड़ में पड़ने की अपेक्षा एक अच्छा इंसान बनने की चाह होनी चाहिए। यह शब्द महापौर कोमल सैनी ने वैदिक परिवार द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित संस्कारशाला एवं पौधारोपण कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज जब हम छात्रों से पूछते हैं कि बड़े होकर क्या बनोगे तो उनका जवाब डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी व वकील आदि बनने का होता है। कोई भी छात्र यह नहीं कहता की मैं एक ईमानदार और अच्छा इंसान बनूंगा। कोमल सैनी ने कहा की यदि हम 50-60 साल पहले की बात करें तो लोग कम पढ़े लिखे जरूर होते थे परंतु उनमें ईमानदारी, देशभक्ति, अनुशासन, खुद्दारी कूट-कूट कर भरी होती थी। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे सामाजिक मूल्यों एवं सनातन संस्कृति का अनुसरण करें और इस देश को विकसित देश बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय नैनीताल के प्राचार्य डॉ.विनय विद्यालंकार ने कहा कि सनातन ही सृष्टि का सबसे पुराना एवं नूतन धर्म है। जिस तरह प्राचीन समय में छात्र अपने माता-पिता व आचार्य को ही अपना देवता मानते थे आज भी वही भावना सभी विद्यार्थियों के मन में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना भी एक यज्ञ के समान है। इसलिए प्रत्येक छात्र को अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और पेड़ बनने तक उसका संरक्षण भी करना चाहिए। प्रिंसिपल सुमिता अरोड़ा ने छात्रों का आह्वाहन किया कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक ग्रंथों का भी जरूर अध्ययन करें और उसे अपने जीवन में लागू करें। उन्होंने कार्यक्रम के लिए वैदिक परिवार का धन्यवाद किया। मुख्य अतिथि, प्रिंसिपल, अध्यापक गण एवं छात्रों ने मिलकर 50 पौधे लगाएं। इस अवसर पर वैदिक परिवार के प्रधान डॉ.पवन बंसल, सचिव डॉ.राजवीर आर्य, राजीव सचदेवा, अशोक अरोड़ा, दिनेश सैनी, आशीष दुहन, मोनिका आर्य, सीमा सचदेवा, निर्मल सैनी, मंजू गुप्ता व पूजा कादियान आदि उपस्थित रहे।



मेयर कोमल सैनी अन्य अतिथियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

---

# अपराध पर पूर्ण रूप से लगाए अंकुश: एसपी

■ पीड़ित को शिकायत प्राप्ति की रसीद तुरंत दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिला में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के दृष्टिगत पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व चौंकी इंचार्जो की जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में शुक्रवार को बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी सिंह ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि थाना चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ नैतिकता का व्यवहार करते हुए शिकायत को ध्यानपूर्वक सुने और नियमानुसार त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जाए। पीड़ित को शिकायत प्राप्ति की रसीद तुरंत दे। पीड़ित की शिकायत चाहे ऑनलाइन, ऑफलाइन या उच्च अधिकारियों के कार्यालय के माध्यम से प्राप्त हुई हो उस पर त्वरित कार्रवाई करें। ताकि पीड़ति को शीघ्र न्याय मिल सके। एसपी सिंह ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देत हुए निर्देश दिए कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्रवाई करते हुए जिला में चिन्हित किए हॉट स्पॉट स्थानों पर गश्त व पेट्रोलिंग बढाकर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। इसी के साथ स्कूलों और कॉलेजों का नियमित अंतराल पर निरीक्षण करें। छुट्टी के समय स्कूलों के आसपास पेट्रोलिंग बढ़ाए ताकि छात्राओं और अभिभावकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बना रहे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग से गठीत की दुर्गा शक्ति फोर्स इन स्थानों पर विशेष पेट्रोलिंग करें। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी सहित अवैध कार्यों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाए। अवैध शराब खुर्दे, अवैध शराब तस्करी, मादक पदार्थ तस्करों, जुआरियों, सटटेबाजों तथा अवैध शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिला में फिरोती, रंगदारी जैसे गंभीर अपराधों को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो तुंरत अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी के साथ जिला में आपराधिक घटना घटीत होने की कोई भी सूचना मिलने पर तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। सीलिंग प्लान के तहत बेरिकेडिंग के साथ नाकाबंदी कर जांच की जाए। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करें। बैठक में डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी आत्माराम, ट्रेनिज डीएसपी ज्योति व सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज व अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



---

# बाल विवाह व मजदूरी के खिलाफ जागरूकता जरूरी : कांता



पानीपत। एमडीडी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

■ बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा ग्रामीणों और विद्यार्थियों को बाल विवाह, पॉक्सो और बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा हाली अपना स्कूल में एवं रसलापुर और बसाड़ा गांव में आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं के साथ बाल विवाह कानून, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इसमें बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक पूजा सैनी, एमडीडी ऑफ इंडिया से कार्यकर्ता पायल, माता सीता रानी सेवा संस्था की अध्यक्ष कृष्णा कांता आदि ने भी अपने विचार रखे।

---

## राजकीय स्कूल में 700 छात्राओं को पौधे बांटे


पानीपत। राजकीय स्कूल, गांव बापौली की प्रधानाचार्य बिंदिया पौधे बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बापौली में प्रार्थना सभा में शामिल छात्राओं को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहीम एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रधानाचार्या बिंदिया ने लगभग 700 छात्राओं को वन विभाग से पौधे मंगवाकर वितरण किया गया तथा उन्हें समझाया गया कि आप सब ने यह पौधा अपनी मां के साथ मिलकर अपने घर आंगन में लगाना है और उसकी फोटो खींचना है और उसकी जिओ टैगिंग भी करनी है तथा इसको पेड़ बनने तक पालना भी है।

इस अवसर पर प्राध्यापिका चित्रा मदान, कमलेश रानी, शीला, ऊषा, ऋतु, अनुराधा, मोनिका, गीता, सुषमा, दर्शन, मीना, सुनील वत्स, ब्रह्म सिंह आजाद सिंह व अंकुर आदि उपस्थित रहे।

---

**पौधरोपण** हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए: भारद्वाज

# पौधे रोप कर किया सावन माह का स्वागत


पानीपत। पानीपत के डीईओ ऑफिस में पौधे रोपते हुए शिक्षा अधिकारीगण।

■ सुनीता कादियान ने बताया की शास्त्रों में लिखा हुआ की सावन महीने में तुलसी, पीपल, नीम, बड़ लगाना बहुत पुण्य का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सावन महीने के शुभारंभ पर शुक्रवार को डीईओ कार्यालय प्रांगण में डीईओ सुभाष भारद्वाज, डिप्टी डीईओ सुनीता कादियान, पानीपत कब डीओसी हरिओम और प्रभारी प्रवीण ने बच्चों संग मिलकर मां के नाम पेड़ मुहिम के अंतर्गत दो आम के पेड़ और पांच तुलसी लगाई। डीईओ सुभाष भारद्वाज ने कहा कि आने वाला समय बारिश का है इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। जिससे हम स्वच्छ और साफ वातावरण में रहकर निरोगी जीवन जी सकें। सुभाष भारद्वाज ने कहा कि डीओसी हरिओम प्रकृति प्रेमी और पर्यावरण संरक्षक हैं जो लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करते रहते हैं। सुनीता कादियान ने बताया की शास्त्रों में लिखा हुआ की सावन महीने में तुलसी, पीपल, नीम, बड़ लगाना बहुत पुण्य का कार्य है।

# नवंबर महीने में मिलेगा जनता को 100 बैड का नया अस्पताल, लोकार्पण की तैयारी शुरू

- अस्पताल निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ पूर्व मंत्री असीम गोयल ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल की चर्चा के बाद अंबाला शहर में बन रहे 100 बैड के नए अस्पताल की सौगात जनता को नवंबर महीने में मिल जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारी जोरशोर से तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर चर्चा के बाद प्रदेश के मुखिया नायब सैनी इस पर नज़र रखे हुए हैं।


अंबाला। नागरिक अस्पताल के नए भवन के निर्माण की जांच करती टीम।


फोटो : हरिभूमि

अस्पताल के निर्माण के लिए गठित की गई टीम के सदस्य रितेश गोयल व पीएमओ रेनू बेरी ने बताया कि अस्पताल का निर्माण पूरा कर इसे जल्द शुरू करने के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की थी। इसके बाद आला अधिकारियों को अस्पताल के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशों पर शुक्रवार को अस्पताल निर्माण के लिए गठित नोडल अधिकारियों व सदस्यों की टीम निर्माण कर रही एजेंसी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक निर्माण स्थल पर ही हुई।

इसमें अस्पताल के बेसमेंट से लेकर टॉप फ्लोर तक के निर्माण को लेकर गहनता के साथ चर्चा की गई। नोडल अधिकारीयों की टीम ने एक-एक तल की ड्राइंग लेकर पूर्ण गहनता के साथ चर्चा की। जिसमें डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ, ब्लड बैंक, लैबोरेट्री, ऑप्रेशन थियेटर, मरीज और मरीजों के साथ आने वाले लोगों को दी जाने वाली तमाम सुविधाओं के नजरिए से भी एक एक बिंदु पर विचार विमर्श किया गया।

### जांच टीम ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

*बैठक के उपरान्त टीम ने चल रहे निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मौके पर मिली कुछ खामियों को दूर करने के निर्देश भी दिए। अस्पताल के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पीएमओ डॉक्टर रेनू ने बताया कि नवंबर महीने में अस्पताल के उद्घाटन करने की जानकारी पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशों से उन्हें प्राप्त हुई है। उसी के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण बैठक और अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक की रिपोर्ट सीएम नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल तक भी पहुंचाई जाएगी। नोडल टीम के सदस्य रितेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल के बीच हुई चर्चा के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों सहित अलग अलग विभागों के अधिकारीयों को निर्देश दिए गए थे। इसी के मद्देनजर पूर्ण गहनता के साथ अस्पताल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान कुछ कमियां मिली हैं जिनमें सुधार करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि नवंबर महीने में ही इस अस्पताल का लोकार्पण किया जा सके।*

### खबर संक्षेप

#### पांच महीने बाद मेयर को मिला कार्यालय

**अंबाला।** अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा को कार्यालय मिल गया। शुक्रवार को विधिवत पूजन के साथ ही उनके कार्यालय का उद्घाटन हो गया है। मेयर के चुनाव के नतीजे आए हुए 5 महीने का समय पूरा हो चुका है जिसके बाद कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। सुबह हवन किया गया। इस दौरान मेयर शैलजा सचदेवा और नगर निगम के मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा ने हवन में आहुतियां डालकर भगवान का आशीर्वाद लिया है। हवन के बाद मंत्रोच्चार के साथ मेयर ने अपनी कुर्सी ग्रहण की। मेयर को काफी दिनों तक कार्यालय न मिलने की सियासत चली। जिसके बाद प्रशासन द्वारा ऑफिस को दोबारा तैयार कराने के लिए टेंडर उठाया। अब यह तैयार हो चुका है।

#### छात्रों ने स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में 'वन महोत्सव' और 'सड़क सुरक्षा महा सप्ताह' का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस महा सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा के महत्व को जाना। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी विंग के विद्यार्थियों की वृक्षों की सैर से हुई जहां उन्हें पेड़ों की उपयोगिता, देखभाल तथा उनके संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वृक्ष धरती के फेफड़े हैं और हमें इनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

## शिकायत के बाद जांच के लिए पहुंची कृषि विशेषज्ञों की टीम

# धान की फसल पर अजीब बीमारी का प्रकोप पौधों की वृद्धि रुकी, बौने पौधों के लिए सैंपल

बताया जा रहा है कि इस समय धान की प्रभावित फसल में सफेद तेले का भी प्रभाव देखने को मिल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना


मुलाना। बीमारी से प्रभावित धान की फसल से नमूने लेती टीम। फोटो : हरिभूमि

जिले के मुलाना, सोहाना, हेमामाजरा, साहा और लंगरछन्नी समेत कई गांवों के किसानों को इन दिनों धान की फसल में एक अजीब समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में लगे काफी संख्या में धान के पौधों की वृद्धि अचानक रुक गई है। ज्यादातर पौधे बौने रह गए हैं। जबकि कुछ पौधों में सामान्य फुटाव देखने को मिल रहा है। किसानों ने शुरू में इसे मौसम का सामान्य असर समझा, लेकिन जब यह समस्या बड़े स्तर पर दिखाई देने लगी तो कृषि विशेषज्ञों और अनुसंधान केंद्रों से संपर्क किया गया।

बता दें कि किसानों को इस स्थिति का सामना पहली बार नहीं करना पड़ रहा है। 2022 में भी ठीक ऐसी ही स्थिति सामने आई थी जिसमें किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। समस्या के दोबारा सामने आने पर इस बार क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों ने समय रहते कदम उठाया। धान अनुसंधान केंद्र कौल को सूचित किया।

गांव हमीदपुर के प्रगतिशील किसान जसबीर सिंह हमीदपुर ने बताया कि क्षेत्र में वैज्ञानिक विधि से खेती करने वाले कई किसान इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे थे लेकिन अचानक इस तरह की समस्या सामने आने से किसान हताश हो गए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते इसका कारण नहीं जाना गया तो एक बार फिर किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि इस समय धान की प्रभावित फसल में सफेद तेले का भी प्रभाव देखने को मिल रहा है।

फसल में सफेद तेला आ जाने के कारण यह बीमारी तेजी से फैलने की संभावना बढ़ जाती है। जिस धान में बोने पौधे है और फसल में सफेद तेला आ गया है। सफेद तेला इस वायरस को रोगग्रस्त पौधों से स्वस्थ पौधों में ले जाता हैं इसलिए तेले की रोकथाम के लिए स्प्रे करे। शुक्रवार को धान अनुसंधान केंद्र कौल से वैज्ञानिकों की एक टीम ने प्रभावित गांवों का दौरा किया।

टीम का नेतृत्व डॉ. महावीर सिंह कर रहे थे। उनके साथ डॉ. विशाल गांधी, डॉ. प्रवेश कुमार और डॉ. ललिता भी मौजूद रही। टीम ने मुलाना, हेमामाजरा, सोहाना, साहा और आसपास के गांवों के खेतों में जाकर गहन निरीक्षण किया। विशेष रूप से उन पौधों की जांच की गई जिनकी वृद्धि रुक गई थी और जो अन्य पौधों के मुकाबले बौने रह गए थे।

> *धान की फसल में पौधे बौने रह जाने की समस्या सामने आई थी। धान अनुसंधान केंद्र कौल की टीम ने निरीक्षण किया है। बौने रह चुके पौधों का सैंपल ले लिया गया है । उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा ताकि जल्द ही इस बीमारी के कारणों का पता लग पाए। यदि किसी खेत मे अभी कुछ ही पौधों में यह समस्या है तो किसान उन पौधों को उखाड़ कर नष्ट कर दे।*
> *-डॉ. महावीर सिंह, अनुसंधान केंद्र, कौल*

### सैंपल लैब जांच के लिए भेजे

जांच टीम ने प्रभावित खेतों से बौने रह गए पौधों के सैंपल इकट्ठा किए। उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। इस के साथ ही धान में आए सफेद तेले से ग्रसित पौधों की पत्तियों के भी सैंपल के लिए गए। अब जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जांच टीम ने जिन किसानों के खेतों से सैंपल लिए उनमें हेमामाजरा से नंबरदार जसपाल, साहा से रविंद्र गिल, मुलाना से देवराज शर्मा और लंगरछन्नी से विकास शामिल हैं। सभी सैंपल हिसार यूनिवर्सिटी भेजे जा चुके हैं और जल्द ही रिपोर्ट आने की उम्मीद है।


अंबाला। अभियान के दौरान पौधरोपण करते संत। फोटो : हरिभूमि

## गुदगुदी जंक्शन की ओर से शुरू किया गया पौधरोपण अभियान

- पहले दिन 11 फल व छायादार पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा शुक्रवार को राम बाग के प्राचीन शिव मंदिर से साप्ताहिक पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद्,उत्तर भारत के उपाध्यक्ष और ठाकुरद्वारा प्राचीन श्री नाभिकमल मंदिर कुरुक्षेत्र के महंत विशाल दास महाराज एवं बड़ा अखाड़ा उदासीन कुरूक्षेत्र से स्वामी देवी शरण दास महाराज के सान्निध्य में 11 फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही क्यारियां बनाकर सुगंधित फूलों की पौध लगाई गई। पौधारोपण से पूर्व मंदिर के महंत शिव पुरी ने दोनों संतों के साथ अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़, पौधरोपण अभियान इंचार्ज मंदीप शर्मा, भगवान परशुराम गोशाला खतौली के प्रधान देवीराम शर्मा,सर्व धर्म समाज कल्याण सोसायटी के चेयरमैनराजेंद्र कौशिक, असीम अग्रवाल और तरसेम पाल शर्मा से शिव पूजन कराया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में बेलपत्र, आंवला, मोलसरी, नीम, गुलमोहर, सहजन, पीपल, जामुन और अमरूद के वृक्षों की पौध लगाई गई। आसपास क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों पर कुल 200 फलदार और छायादार पौधे रोपित किए करने का लक्ष्य रखा गया है।

## मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

*अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपू व जसबीर सिंह उर्फ जस्सी को गिरफ्तार कियाहै। आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया। महिला ने 7 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दुर्गा नगर के पास से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने सोने की चेन व बाली छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।*

## जनसंख्या नियंत्रण नीतियों को लागू करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद



विश्व जनसंख्या दिवस पर सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक विद्यार्थी और 100 अध्यापकों ने भाग लिया। इसमें रोटरी प्रधान डॉक्टर आरएस घुम्मन ने बताया की बढ़ती जनसंख्या संसाधनों पर दबाव डाल रही है और हमें इसके प्रभाव से निपटने के लिए जनसंख्या नियंत्रण नीतियों को लागू करना चाहिए।

इस अवसर पर आए प्रोफेसर अमरनाथ शर्मा ने कहा कि आज विश्व जनसंख्या दिवस पर देशभर में जनसंख्या वृद्धि के प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जोन के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉक्टर एसएस आहूजा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर यह संदेश दिया कि एक संतुलित जनसंख्या ही एक विकसित और समृद्ध समाज की नींव है, बढ़ती हुई जनसंख्या बेरोजगारी, गरीबी, जल और खाद्य संकट, शिक्षा की कमी और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी कई समस्याओं को जन्म दे रही है। इस अवसर पर रोटरी 3080 के चीफ एडवाइजर रोटेरियन राजकुमार गर्ग ने शर्मा के जीवन के बारे में बताया और कहा शर्मा जी जैसा व्यक्ति पृथ्वी पर ढूंढने से नहीं मिलता। इस अवसर पर रोटेरियन राजकुमार गर्ग, रोटेरियन एसएस आहूजा, रोटेरियन विक्रम गुप्ता और रोटेरियन पीयूष अग्रवाल रोटेरियन संजय कालडा, दीपक कक्कड़ आदि मौजूद थे।

## हवन के साथ हुई नर्सिंग कॉलेज में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सावन माह की शुभ शुरुआत एक भव्य हवन यज्ञ के माध्यम से की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और गैर-शिक्षण स्टाफ ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। इस अवसर पर जीएमएन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। हवन के दौरान वेदमंत्रों की ध्वनि और अग्नि की आहुतियों से संपूर्ण वातावरण पवित्र और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. रामलखन माली ने अपने संदेश में कहा कि सावन का महीना आस्था, ऊर्जा और आत्मिक शुद्धता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन केवल मानसिक शांति प्रदान करते हैं बल्कि छात्रों में भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।


अंबाला। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते छात्र। फोटो : हरिभूमि

## पुस्तक समीक्षा कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



विद्या भारती के तत्वावधान में दो दिवसीय पुस्तक समीक्षा कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रांतों से आए कुल 95 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह आयोजन शिक्षण सामग्री की गुणवत्ता में सुधार, रचनात्मक योगदान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्य पुस्तकों के पुनर्निमाण के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में आदरणीय अखिल भारतीय मंत्री देशराज शर्मा ने उपस्थित सभी लेखकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप पुस्तकों की समीक्षा एवं रचना हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण अध्ययन, संस्कृत, कंप्यूटर, संगीत, सामान्य ज्ञान तथा प्रयोगशाला पुस्तिकाओं सहित 9 विषयों की पुस्तकों की गहन समीक्षा की गई। शिक्षकों ने विषयवस्तु की प्रासंगिकता, भाषा की सरलता, प्रस्तुति की उपयुक्तता तथा शिक्षण उद्देश्यों की पूर्ति के दृष्टिकोण से पुस्तकों का विश्लेषण किया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर विजय नड्डा संगठन मंत्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, सुरेंद्र अत्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर क्षेत्र, बाल किशन सह संगठन मंत्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, डॉ ऋषिराज वशिष्ठ अध्यक्ष हिन्दू शिक्षा समिति, प्रो. दीप्ति धमार्णी कुलपति चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं उपाध्यक्ष विद्या भारती हरियाणा और संपूर्ण सिंह महामंत्री हिंदू शिक्षा समिति भी उपस्थित रहे।

## छात्रों को दी जा रही डिजिटल शिक्षा का किया औचक निरीक्षण

- अतिरिक्त निदेशक बोली, डिजिटल बोर्ड का हो ज्यादा इस्तेमाल

**अंबाला।** सरकारी स्कूलों में छात्रों को दी जा रही डिजिटल शिक्षा को जांचने के लिए शुक्रवार को स्कूल शिक्षा निदेशालय से मॉडल संस्कृति स्कूल की अतिरिक्त निदेशक ममता पहुंची। उन्होंने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घेल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरा मार्केट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में सभी डिजिटल बोर्ड, लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर, टैबलेट के उपयोग की स्थिति का जायजा लिया गया और विद्यार्थियों व शिक्षकों से भी इसके लिए बातचीत भी की। इन डिजिटल संसाधनों की स्थिति जांची गई। उनके साथ कार्यक्रम समन्वयक दविंद्र भी शामिल रहे। नव-पदोन्नत प्रधानाचार्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी पहुंचे शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल पुलिस लाइन विद्यालय में जिला अंबाला और पंचकूला के सभी नव-पदोन्नत प्रधानाचार्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक पहुंचे। सभी अधिकारियों और प्रधानाचार्यों ने अपने क्षेत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत स्कूलों में निरीक्षण के बाद जिला शिक्षा सदन के सभागार में अतिरिक्त निदेशक ममता ने बैठक ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला संसाधन समन्वयक ज्योति रानी, उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक राणा और प्रमोद राणा, जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा, जिला विज्ञान विशेषज्ञ पूजा भारद्वाज, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला उल्लास कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार और सभी प्रधानाचार्य शामिल रहे। सभी अधिकारियों और प्रधानाचार्यों ने अपने क्षेत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## ग्रामीणों ने एसडीएम के समक्ष रखी पानी निकासी की समस्या

**बराड़ा।** एसडीएम शाश्वत सांगवान ने शुक्रवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पंचायत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बराड़ा सुशील मंगला व खंड के सभी ग्राम सचिव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जल भराव की समस्या के समाधान करना है। इस दौरान क्षेत्र के गांव सहोता, खानपुर, रजौली, सोहना, उगाला, अलियासपुर, व तल्हेड़ी के सरपंच व ग्रामीणों ने बरसात के पानी निकासी की समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखी। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान किया जाए।एसडीएम ने अधिकारियों को कहा क्षेत्र की कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसका समाधान जितनी जल्दी संभव हो सके उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम है इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी व लगन से करें ताकि आमजन की समस्याओं का समाधान समय रहते किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रेन व नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दें जिससे जल भराव की समस्या पैदा न हो।

### 51-51 लीटर गंगाजल लेकर आने का लिया संकल्प

# भगवान परशुराम सेवा दल के नौ सदस्यीय टीम हरिद्वार रवाना

- नगर ब्राह्मण सभा के प्रधान अशोक बूंदी ने पूरी टीम को तिलक लगाकर किया रवाना,
- कहा, कांवड़ यात्रा के बाद धार्मिक उत्सवों में अपनी सेवाएं देगा परशुराम सेवादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। हरिद्वारा रवाना होती भगवान परशुराम सेवादल की टीम। फोटो : हरिभूमि

भगवान परशुराम सेवा दल की नौ सदस्यीय टीम शुक्रवार को हरिद्वार के लिए रवाना हुई। स्वामियां मोहल्ले में नगर ब्राह्मण सभा के प्रधान अशोक बूंदी वशिष्ठ व रेनू गोस्वामी ने सभी सदस्यों को तिलकर लगाकर कांवड़ यात्रा के लिए रवाना किया। सभी सदस्य को भोज करवाने के लिए पूरे उत्साह के साथ रवाना किया गया। नगर ब्राह्मण सभा के प्रधान अशोक बूंदी ने बताया कि भगवान परशुराम सेवा दल का गठन हाल ही में किया गया है। नारायण शर्मा को इस सेवा दल की कमान सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि सेवा दल गायों की सेवा के साथ अंबाला शहर में होने वाले धार्मिक समारोह में लोगों की सेवा का कार्य भी करेगा। उन्होंने कहा कि सेवा दल की ओर से सभी सेवाएं पूरी तरह से निशुल्क होंगी। उन्होंने बताया कि हरिद्वार के लिए रवाना हुई नौ सदस्यीय टीम में इस बार गंगाजल लेकर आने का नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीम में शामिल अर्जुन, अभि, सुमित, गोलू, चिराग 51-51 लीटर गंगाजल लेकर अंबाला शहर पधारेंगे। इसी तरह टीम में शामिल कृष्णा व तरूण 21-21 लीटर गंगा लेकर आएंगे।

भगवान परशुराम सेवादल के अध्यक्ष नारायण शर्मा ने बताया कि दल के साथ बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सेवा दल पूरे उत्साह के साथ धार्मिक उत्सवों में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि दल की ओर से सड़कों पर वाहनों से टकराकर जख्मी होने वाली गायों का उपचार भी किया जाएगा। साथ ही भूखी प्यासी गायों के लिए चारे की भी व्यवस्था की जाएगी। दल के उपाध्यक्ष हर्षित ने बताया कि कांवड़ यात्रा पूरी होने के बाद ही सेवा दल पूरे एक्शन में आ जाएगा। इस दौरान अजय बक्शी, भगत अजय शर्मा, नीतू वर्मा, गुड्डू वर्मा भी मौजूद रही।